Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 01- अक्तूबर, 2022

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

प्रत्येक वर्ष **1 अक्तूबर** को संपूर्ण विश्व में **अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (International Day of Elderly Persons)** के रूप में मनाया जाता है। संपूर्ण विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने, लोगों में जागरुकता बढ़ाने तथा वृद्धों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को मज़बूत करने के लिये 14 दिसंबर, 1990 को **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा प्रत्येक वर्ष '1 अक्तूबर' को 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। 1 अक्तूबर, 1991 को पहली बार 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' मनाया गया था।**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, 2022 की थीम: "बदलती दुनिया में वृद्धजनों का अनुरूपण" (Resilience of Older Persons in a Changing World) है।**

भारतीय मोबाइल कॉन्ग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 01 अक्तूबर, 2022 को नई दिल्ली में**5G सेवाओं की शुरुआत की।** यह **तकनीक बिना बिलंब** के अत्यधिक **डेटा दर और उच्च विश्वसनीय संचार** प्रदान करेगी। 5G तकनीक **ऊर्जा, स्पेक्ट्रम और नेटवर्क की दक्षता** में भी वृद्धि करेगी। सरकार का लक्ष्य दो वर्षों में पूरे देश में 5G सेवाओं की सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इसके लिये करीब **तीन लाख करोड़ रुपए** का निवेश किया जाएगा। डिजिटल कनेक्टिविटी सरकार के प्रमुख नीतिगत कार्यक्रमों **डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया** का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रही है। प्रधानमंत्री **भारतीय मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC)** के छठे संस्करण का भी उद्घाटन किया। 04 अक्तूबर तक चलने वाले IMC 2022 का विषय है- **नया डिजिटल ब्रह्मांड।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-01-october-2022